तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 23.0 डिग्री

हरिभूमि कांकेर भूमि

रायपुर, शनिवार 12 अक्टूबर 2024

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा



12 चिराग परियोजना का पोषण सखियों को प्रशिक्षण



12 दुर्गाष्टमी पर हवन-पूजन के साथ जगह-...




B.M. COLLEGE
B.Ed.
कोड-114336
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन
अंतिम तिथि-14/10/24
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065

**शारदीय नवरात्रि**

## सार्वजनिक पंडालों पर विराजीं प्रतिमाओं का दशहरा तक चलेगा विर्सजन

# जोत-जंवारे का किया विसर्जन, कराया कन्या भोज, भंडारे में लगा रहा तांता

**शीतला मंदिर सिंहवाहिनी मंदिर कंकालिन मंदिर व अन्य सभी मंदिर आदि देर रात तक चहल-पहल**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर/दुधावा/दुर्गूकोंदल

शारदीय नवरात्र की महानवमी पर शुक्रवार को देवी सिद्धिदात्री की पूजा-अर्चना की गई। घरों व मंदिरों में यज्ञ-हवन व अनुष्ठान हुए, जहां नवरात्र प्रतिपदा से यज्ञ, हवन जारी थे, वहां पूर्णाहुति दी गई। मंदिरों, घरों और पंडालो में कन्या पूजन की परंपरा निभाई गई। नवमी पूजन के साथ ही नवरात्र का समापन भी हो गया। साथ ही घरों व मंदिरों में घट स्थापना करने वालों ने ज्वारा विसर्जन के साथ ही मां को विदाई दी। कुछ लोग दशमी पर विसर्जन करेंगे। महानवमी के मौके पर जहां शहर के प्रमुख मंदिरों में श्रद्धालु देवी दर्शन को पहुंचे।

■ जसगीतों में माता के विविध रूपों का किया वर्णन और भक्ति का दिया संदेश

शारदीय नवरात्र की नवमी पर शुक्रवार को घरों और मंदिरों में कन्या पूजन और भोज कराया गया। सुबह जल्दी उठकर श्रद्धालुओं ने स्नानादि के बाद हवन पूजन किया, इसके बाद कन्याओं का घरों में स्वागत किया गया। कन्याओं को घर में बैठाकर तिलक लगाकर पूजन किया गया, इसके बाद कन्या भोज कराया गया। शहर के मंदिरों शीतला मंदिर, सिंहवाहिनी मंदिर, कंकालिन मंदिर व अन्य सभी मंदिर आदि में श्रद्धालुओं ने देवी मां के दर्शन करने के बाद कन्या पूजन किया गया और मंदिर पर ही कन्या भोज भी कराया गया। कन्या भोज के बाद भंडारें का आयोजन किया गया। ▶▶|शेष पेज 10 पर





### दुर्गूकोदल में महाअष्टमी हवन कन्या भोजन कराया गया



दुर्गुकोंदल। महाअष्टमी के अवसर पर मां नवजोत दुर्गा उत्सव समिति के पदाधिकारी, सदस्यों, युवाओं के द्वारा दुर्गुकोंदल की सुख शांति और समृद्धि के लिए हवन पूजन में भाग लेकर पंडित प्रदीप कुमार दुबे एवं लक्की द्विवेदी के द्वारा विधि विधान से हवन पूजन करवाया गया। हवन कुंड में आहुति डालकर धन धान्य सुख शांति की कामना किया गया। हवन पूजन के बाद नौ कन्या भोजन करवाया गया और जसगीत का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष सोमल जैन, उपाध्यक्ष गेंदालाल, लावत्रे दीपक जैन, संरक्षक मुन्ना सिंहा, तुषार शांडिल्य, पीयूष सिन्हा, जोहन जैन, जे गौतम, राधिका सिंहा, सविता सेन, अजय राजपूत सहित नवजोत मां दुर्गा उत्सव समिति के पदाधिकारी के अलावा महिला, पुरुष व बच्चें उपस्थित रहे।

### दुधावा में नौ दिनों तक हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम



दुधावा। शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर नव दुर्गा उत्सव समिति दुधावा के तत्वावधान में प्रति दिन रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें ग्राम दुधावा के अलग-अलग वार्ड के बाल कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। बाल कलाकारों ने अपनी कला से दर्शकों का दिल जीत लिया व खुब तालियां बटोरी। जय शीतला जस झांकी शीतलापारा दुधावा के बाल कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में मां दुर्गा के नवरूप, गौरी-गौरा, सुवा नृत्य, बारामसी गीत, छत्तीसगढ़ दर्शन, सामूहिक नृत्य, एकल नृत्य, युगल नृत्य, करमा, ददरिया, विविध कार्यक्रम से दर्शकों का दिल जीता।

**खबर संक्षेप**

### धौराभाठा में हुई डे नाइट कबड्डी स्पर्धा



सरोना। धौराभाठा में एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें स्थानीय खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि संत राम मरकाम व सरपंच महेश नेताम उपस्थित रहे। कार्यक्रम में ग्राम पटेल राजकुमार नेताम, ग्राम प्रमुख विश्वनाथ शोरी, मुड़ा क्षेत्र अध्यक्ष रामलाल कावड़े, जीडी मानिकपुरी आरएच ओ, रामप्रसाद नेताम पंच, कमलदेव मरकाम पंच और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। इस अवसर पर गांव के ग्रामीणों ने भी सक्रिय भागीदारी दिखाई। टीना शेड के उद्घाटन के साथ-साथ कबड्डी प्रतियोगिता ने गांव में खेलों के प्रति उत्साह को और बढ़ाया।

### नव दुर्गोत्सव मुड़पार में किया हवन- पूजन



सरोना। बुढ़ेश्वर महादेव नव दुर्गोत्सव मुड़पार में मां दुर्गा अष्टमी का हवन पूजन एवं नव कन्या भोज का आयोजन किया गया। समिति द्वारा नवदुर्गा मुर्ति स्थापित कर मनोकामना ज्योति कलश श्रद्धालुओं के द्वारा प्रज्जवलित किया गया। बुढ़ेश्वर महादेव नव दुर्गोत्सव समिति में नव दिनों तक नियमित पूजा अर्चना का कार्यक्रम महाराज महर सिंह मंडावी के द्वारा किया गया। हवन पूजन के कार्यक्रम में सभी ग्रामवासी शामिल हुए।

## सरकार बनने के नौ माह बाद भी अधिकारियों में कांग्रेसी भूत चढ़ा उसे उतारना पड़ेगा : रामविचार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद भाजपा ने चुनावी घोषणा पत्र को केवल दस्तावेज न मानते हुए घोषणाओं को पूरा करने का सिलसिला जारी है और विष्णुदेव सांय की सरकार ने बहुत कम समय में बड़े से बड़े कार्य को करके दिखाया है। उक्त बातें एक दिवसीय पर कांकेर जिला पहुँचे कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने मीडिया से रूबरू होते हुए कहा। भाजपाईयों ने कृषि मंत्री का स्वागत किया, वहीं कृषि मंत्री ने कलेक्टर, एसपी और कृषि विभाग के अधिकारियों से संवाद करके जिले की हकीकत को जानने का प्रयास किया। कृषि मंत्री रामविचार ▶▶|शेष पेज 10 पर

■ विजय दसमी का भी संदेश यही है कि अच्छे मार्ग पर चले, प्रदेश के विकास में अपना एक योगदान दें



## मानसगान में महिला में लोहारा और पुरूषों में बालौद को प्रथम पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

विकासखंड कांकेर के ग्राम धनेलीकन्हार मुख्यालय में तीन दिवसीय सस्वर मानस गान प्रतियोगिता के तीन दिनों तक चली प्रतियोगिता में अंतिम दिन प्रथम दस स्थान पर आने वाली मंडलियों की घोषणा किया गया, जिसमें महिला वर्ग में सच्चिदानंद दीप ज्योति बालिका मानस मंडली गारका लोहारा और पुरूष वर्ग में गुरु कृपा बाल संस्कार बेलमांड बालौद प्रथम रही। समापन प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि की आसंदी से विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि मानस गान के ऐसे आयोजन से ग्राम संगठित रहता है। इसके पहले मैने आपके ग्राम में आशीर्वाद मांगने आया था और आप लोगों के आशीर्वाद से में आज देने लायक बन पाया हूँ। उन्होंने ग्रामवासियों की मांग पर रंगमंच भवन में टीन शेड के लिए 15 लाख देने की घोषणा किया। समाज सेवी अजय पप्पू मोटवानी ने साथियों के संग ग्राम की वृद्ध जनों का श्रीफल व शाल भेंट कर आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम के सरपंच बिरेंद्र मारगीया और विशिष्ट अतिथि बस्तर विकास प्राधिकरण के पूर्व ▶▶|शेष पेज 10 पर

■ मानसगान, श्रवण और अनुमोदन से जीवन में आती है क्रांति

## रंगी नमक फर्जी खाद विक्रेता के फरार दो और आरोपी रिमांड पर



कांकेर। नमक को रंगकर खाद बनाकर बेचने के मामले में चार आरोपियों को पहले ही राजस्थान से गिरफ्तार किया गया था, वहीं अन्य दो आरोपी फरार थे। पुलिस ने फरार दो आरोपियों को भी राजस्थान से गिरफ्तार कर कांकेर लाया गया और जेल की सलाखों में भेजा गया।

एएसपी प्रशांत शुक्ला ने बताया कि नमक को रंगकर बेचने के आरोप में चार लोगो की गिरफ्तारी भी हुई थी और दो आरोपी फरार चल रहें थे, जिसे पखांजुर पुलिस ने राजस्थान से गिरफ्तार किया। पखांजुर थाना की पुलिस ने नावा सिटी राजस्थान से अपराध में शमिल चार आरोपी विनोद कुमार जैन, विनय कुमार जैन, उपकार जैन और दौलत सिंह को गिरफ्तार कर 7 सितंबर ▶▶|शेष पेज 10 पर

■ चार आरोपी एक माह पहले हुए थे गिरफ्तार, एक माह से जेल की सलाखों में

एजेन्सी देना है...

हरिभूमि समाचार पत्र कांकेर जिला के अंतर्गत **भानुप्रतापपुर** में एजेंसी देना है।

समाचार लिखने, विज्ञापन एवं प्रसार में लक्ष्य प्राप्त करने वाले व्यक्ति को प्राथमिकता। सुरक्षा राशि जमा करने में सक्षम व्यक्ति संपर्क करें।

हरिभूमि कार्यालय, कांकेर
महुरबंध पारा ऊपर नीचे रोड, कांकेर
मो. 7000955574, 8817702271


हरिभूमि कार्यालय, रायपुर
धमतरी रोड, रायपुर (छ.ग.)
मो. 9098324969
0771-4242211

**जीर्णोद्धार के लिए निविदा जल्द, चुनाव से पहले कार्य शुरू होगा**

## पार्षद की पहल से बैजनाथ तालाब जीर्णोद्धार के लिए 61 लाख मंजूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

शहर के तालाबो के सुंदव व स्वच्छ बनाने के लिए वार्ड पार्षद लगातार प्रयास कर रहें है। एमजी वार्ड के पार्षद शैलेंद्र शोरी के अथक प्रयासो से भाजपा की सरकार बनने के बाद बैजनाथ तालाब के सौंदर्यीकरण के लिए राशि स्वीकृत हुई है। तालाब का सौंदर्यीकरण होने से बैजनाथ तालाब को अब अलग ही पहचान मिलेगी। तालाब के जीणोद्वारा के लिए लगभग 61 लाख की राशि स्वीकृत हुई है। कांकेर नगर पालिका क्षेत्र में लगभग 15 से ज्यादा तालाब है, इसमें सही ढंग से डढ़िया तालाब और शीतला मंदिर तालाब का सौंदर्यीकरण हो पाया, वहीं अन्य तालाबों में लाखों की राशि खर्च कर दिया गया है, परंतु परिणाम सकारात्मक नहीं आ पाया है। एमजी वार्ड के पार्षद एमजी वार्ड में आने वाले बैजनाथ ▶▶|शेष पेज 10 पर



■ जिम और व्यायाम शाला की स्थापना भी की जाएगी

पाठक सूचना

कांकेर जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

7000955574, 9098324969

## खबर संक्षेप

### जिलास्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर होगा 18 को चिपावंड में

**कोण्डागांव।** जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन 18 अक्टूबर को कोण्डागांव विकासखण्ड के ग्राम चिपावण्ड में आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने सभी जिला स्तरीय आधिकारियों को इन जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविरों में अनिवार्य तौर पर उपस्थित रहकर ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए हैं।

### छत्तीसगढ़ महिला संगठन की जिला कार्यकारिणी का गठन



**कोण्डागांव।** छत्तीसगढ़ महिला संगठन की जिला कार्यकारिणी गठन को लेकर कोषागांव में विगत दिनों बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित समस्त महिलाओं की सर्वसम्मति से महिला संगठन जिला अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सचिव पदों पर चुने गए। गठित महिला संगठन की जिला इकाई जिले में महिला अत्याचार, घरेलू हिंसा, महिलाओं के अधिकारों के संरक्षण व उनके उत्थान की दिशा में कार्य करेगी। महिला संगठन में जिला अध्यक्ष पद पर अध्यक्ष अनुराधा सोरी, उपाध्यक्ष मनबती मरकाम, जानकी, राधिका व सचिव पद पर यशोदा नेताम, सहसचिव नसीब मरकाम, मनीषा बघेल, कोषाध्यक्ष सुखबती नेताम, कार्यकारणी सदस्य करिश्मा, खुशबू ,अंजू मनोनीत हुए। बीते दिनों किरंदुल में छत्तीसगढ़ महिला संगठन का प्रथम राज्य स्तरीय सम्मेलन आयोजित हुआ था। जिसमें महिला संगठन के राष्ट्रीय महासचिव एनी राजा शामिल हुईं तथा उन्होंने संगठन विस्तार पर जोर दिया था।

# गोपनीय जानकारियां सोशल मीडिया, अनजान लोगों के साथ साझा न करें, ठगी होने का खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

शासकीय महाविद्यालय विश्रामपुरी और आईटीआई में कोंडागांव पुलिस एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में साइबर जन जागरुकता पखवाड़ा अभियान एवं यातायात जागररुकता, नशा मुक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विश्रामपुरी क्षेत्र के थाना प्रभारी भुनेश्वर नाग, साइबर सेल कोंडागांव से उप निरीक्षक अमिताभ खांडेकर, सहायक उप निरीक्षक सागरबती शोरी, साइबर स्टाफ, साइबर वालेंटियर्स, महाविद्यालयीन प्राध्यापकगण और महाविद्यालय व आईटीआई के सभी छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में साइबर सेल से उप निरीक्षक अमिताभ खांडेकर ने साइबर सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि आजकल सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से ऑनलाइन ठगी की घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं। इसका प्रमुख कारण लोगों का अपनी व्यक्तिगत जानकारी, जैसे आधार कार्ड, एटीएम नंबर, पैन कार्ड, और ओटीपी, बिना सोच–विचार के साझा करना है। उन्होंने छात्रों और उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों को सलाह दी कि वे अपनी गोपनीय जानकारी किसी अनजान व्यक्ति के साथ साझा न करें, क्योंकि इससे ऑनलाइन ठगी का खतरा काफी बढ़ जाता है। थाना प्रभारी भुनेश्वर नाग ने भी साइबर अपराध से संबंधित जानकारी प्रदान की और साथ ही उपस्थित जनसमुदाय को यातायात नियमों के पालन पर जोर दिया। उन्होंने विशेष रूप से नाबालिग बच्चों को मोटर साइकिल चलाने से बचने की सलाह दी और सभी को हेलमेट का अनिवार्य रूप से उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया। इसके साथ ही, नशा उन्मूलन के नए कानूनों के बारे में भी जानकारी दी गई और युवाओं को नशे से दूर रहने की सलाह दी गई।

**विश्रामपुरी महाविद्यालय व आईटीआई में साइबर जागरुकता कार्यक्रम**



**ये रहे उपस्थित :** इस अवसर पर थाना प्रभारी भुनेश्वर नाग, साइबर सेल कोंडागांव से उप निरीक्षक अमिताभ खांडेकर, सहायक उप निरीक्षक सागरबती शोरी, साइबर सेल कोंडागांव के अन्य स्टाफ सदस्य, महाविद्यालय और आईटीआई के प्राध्यापक और शिक्षक भी उपस्थित रहे। उनके मार्गदर्शन में विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा, यातायात जागरुकता और नशामुक्ति के महत्व को समझाया गया।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरुकता

कार्यक्रम के दौरान साइबर अपराध और यातायात नियमों के प्रति जागरुकता फैलाने के लिए पुलिस विभाग की ओर से नुक्कड़ नाटक और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। इन प्रस्तुतियों के माध्यम से छात्रों और जनता को साइबर अपराधों के खतरों, यातायात नियमों के महत्व और नशा उन्मूलन के बारे में जागरूक किया गया। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों और शिक्षकों ने साइबर सुरक्षा और यातायात नियमों के प्रति जागरूक रहने की शपथ ली। लिए प्रेरित करेगी।

### कन्हारपुरी में आयोजित देव दशहरा में शामिल हुए मंत्री व विधायक

# आदिवासियों के विकास और हितों की रक्षा के लिए विष्णुदेव सरकार प्रतिबद्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

विकासखण्ड कांकेर के ग्राम कन्हारपुरी में स्व. रामप्रसाद पोटाई की स्मृति में देव दशहरा एवं क्रीड़ा प्रतियोगिता में विभिन्न आदिवासी समाज के देवी-देवताओं की पारम्परिक पूजन पद्धति, सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा क्रीड़ा प्रतियोगिता आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर प्रदेश के आदिम जाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास, कृषि विकास एवं किसान कल्याण मंत्री रामविचार नेताम उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रदेश के वन एवं जलवायु परिवर्तन, जल संसाधन, संसदीय कार्य, कौशल विकास तथा सहकारिता मंत्री केदार कश्यप उपस्थित रहें। कन्हारपुरी के स्कूल परिसर में आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रम के दूसरे दिन उपस्थित आदिवासी समाज के जनसमूह को संबोधित करते हुए केबिनेट मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि केन्द्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राज्य में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार आदिवासियों के विकास और हितों की रक्षा के लिए अनेक योजनाएं लागू की हैं। विशेष पिछड़ी जनजाति के शिक्षा, स्वास्थ्य, अधोसंरचना एवं अन्य सुविधाएं विकसित करने केन्द्र सरकार पीएम जनमन योजना चला रही है। सभी वर्ग को आगे बढ़ने के समान अवसर मिले, इसके लिए भी सरकार लगातार काम कर ही है। इस दौरान उन्होंने देव दशहरा की परम्परा को आगे भी बढ़ाने के उद्देश्य से 10 लाख रूपएं की राशि प्रदाय करने की घोषणा किया। वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय आदिवासी समाज से हैं, इसलिए वह लोगों की पीड़ा को बेहतर ढंग से समझते हैं। शासन की सभी योजनाएं आमजनता के कल्याण के लिए होती हैं। आदिवासी समाज के पुरोधा जिस संस्कृति को बचाने के लिए लम्बी लड़ाई लड़ी, उस परम्परा को बचाए रखना, संरक्षित करना हम सभी जिम्मेदारी है। इस दौरान विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि जल, जंगल जमीन के पुजारी और सेवक आदिवासियों को अपनी पारम्परिक पूजा पद्धति, नियम और रीति-नीति की जानकारी रखते हुए सांस्कृतिक विरासतों से सहेजने व जुड़े रहने की जरूरत है। इस दिशा में केन्द्र व राज्य की सरकार सतत प्रयास कर रही है। इसके









अलावा केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम, समाज के वरिष्ठ विकास मरकाम ने परम्परागत जड़ों को सहेजने की अपील किया। जिले के कांकेर ब्लॉक के ग्राम कन्हारपुरी में स्वर्गीय रामप्रसाद पोटाई की स्मृति में देव दशहरा समिति के तत्वावधान में 79 वां तीन दिवसीय कार्यक्रम एवं क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें आदिवासी परम्परा पर आधारित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। मंत्री द्वय ने देव मंडप में विराजमान 12 बिरादरी के देवी-देवताओं की पारंपरिक पद्धति से पूजा-अर्चना कर प्रदेश और समाज के लिए आशीर्वाद मांगा। इसके अलावा आदिवासी समाज के आंगा देव सहित बालकुंवर, वर्चेकुंवर, कुंवारी देवी, पाटकुंवर, इंदेडोकरी, फूलपाट, पाटबाबू, परमह मुदिया, टिकरी भूमियार, पंचमाता, फरसकुंवर, मंडाकुंवर, कोटकुंवर आदि देवी-देवताओं की क्रमशः पूजा की। इस दौरान बस्तर के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोक नर्तक दलों ने आकर्षक आदिवासी नृत्य प्रस्तुत किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक सुमित्रा मारकोले, राज्य मत्स्य विकास बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष भरत मटियारा, जनपद पंचायत कांकेर के अध्यक्ष रामचरण कोर्राम सहित आदिवासी समाज के वरिष्ठ जनप्रतिनिधि और पदाधिकारी व ग्रामीणजन उपस्थित रहें।

### ग्रामीणों को विधिक सेवाओं की दें अधिक से अधिक जानकारी




**कोण्डागांव।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कोण्डागांव द्वारा पैरालीगल वालंटियर्स का एक दिवसीय मासिक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उत्तरा कुमार कश्यप, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव ने की। प्रशिक्षण में जिले के सभी थानों और लीगल एड क्लीनिक से जुड़े पैरालीगल वालंटियर्स ने हिस्सा लिया।

उत्तरा कुमार कश्यप ने वालंटियर्स को निर्देशित किया कि वे अपने क्षेत्रों में अधिक से अधिक विधिक साक्षरता शिविर आयोजित करें। जिससे ग्रामीणों को विधिक सेवाओं की जानकारी मिल सके। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गायत्री साय ने वालंटियर्स को लीगल एड क्लीनिक और थानों में जाकर ग्रामीणों को विधिक सलाह देने और नालसा एवं सालसा की योजनाओं का प्रचार–प्रसार करने के निर्देश दिए। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य पैरालीगल वालंटियर्स को ग्रामीण क्षेत्रों में विधिक सेवाओं का प्रचार–प्रसार करने के लिए प्रशिक्षित और प्रेरित करना था। ताकि विधिक साक्षरता और न्यायिक सहायता ग्रामीणों तक सुगमता से पहुंचाई जा सके।

## आने वाली पीढ़ी को धार्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों से परिचित कराने के लिए आयोजनों का होना जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

पंजाबी सनातन समाज धर्मसभा द्वारा आज कोंडागांव में समाज भवन में माता की भेंटों के साथ भव्य हवन और भंडारे का आयोजन किया गया। धार्मिक आयोजन में न केवल पंजाबी सनातन समाज के साथ अन्य समाजों के नागरिक भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत माता के भजनों से हुई। जिसमें भक्तगणों ने भक्ति भावना से हिस्सा लिया। इसके बाद हवन का आयोजन किया गया।



जहां समाज के वरिष्ठ सदस्यों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना की। हवन के बाद श्रद्धालुओं के लिए भव्य भंडारे की व्यवस्था की गई थी, जिसमें सभी ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन में केवल पंजाबी समाज ही नहीं, बल्कि अन्य समाजों के लोग भी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

## गुरु बालक दास का एकादशीय राज्याभिषेक राजा मेला कल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

गुरु घासीदास बाबा के द्वितीय पुत्र बलिदानी राजा गुरु बालक दास साहेब को 18 वीं सदी सन् 1820 में एकादशीय के दिन राज्याभिषेक अर्थात राजा की पदवी से सुशोभित किया गया था। राजा बनने की खुशी व याद में 100 गांव सतनामी समाज स्थापना एवं धर्मसभा संसद के प्रथम परिसीमन कोंडागांव के तत्वावधान में प्रतिवर्ष राजा मेला का आयोजन ग्राम कुसमा में आयोजित किया जाता है। इस वर्ष भी 13 अक्टूबर को ग्राम कुसमा में राजा मेला का आयोजन किया जाएगा। आयोजन में 100 गांव के सतनामी समाज बच्चे, महिला, पुरुष हजारों की संख्या में एकत्रित होंगे। राजा बनने के ऐतिहासिक क्षण को सांस्कृतिक रूप से खुशहाली से मनाएंगे। प्रथम परिसीमन कोंडागांव के ग्राम कुसमा एकादशी राजा मेला में मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय विधायक एवं बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष सुश्री लता उसेंडी मौजूद रहेंगी।

## सायबर अपराधों की रोकथाम के लिये जागरुक होना आवश्यक, अपराध की तत्काल थाने व में दें सूचना

**धनोरा।** मोबाइल एवं इंटरनेट हमारे दैनिक जीवन का एक अभिन्न अंग बन गया है। इसने आपस में संवाद करने, मित्र बनाने, नई सूचना साझा करने, खेल खेलने, खरीदारी करने के तरीके को बदल दिया है। दैनिक जीवन के अधिकांश पहलुओं को प्रभावित कर रहा है। सायबर अपराधों की रोकथाम, जागरूक होना आवश्यक है। हमें वस्तुतः विश्वभर के करोड़ों ऑनलाइन उपयोगकर्ताओं से जोड़ता है। सायबरस्पेस के बढ़ते उपयोग के साथ विशेष रूप से महिलाओं और बच्चों के खिलाफ सायबर अपराध जैसे सायबर स्टाकिंग, बुलिंग, सायबर उत्पीड़न, बालक अश्लील चलचित्र चाइल्ड पोर्नोग्राफी संबंधी सामाग्री आदि भी तेजी से बढ़ रहे हैं। ऑनलाइन दुनिया में सुरक्षित रहने के लिए सायबर अपराधों की रोकथाम के लिये जागरुकता की भी आवश्यकता है।

■ थाना परिसर धनोरा से सायबर जागरुकता पखवाड़ा का शुभारंभ



### परिवार को भी करेंगे जागरूक

उपस्थित लोगों ने भविष्य में सुरक्षा उपायों का पालन करने तथा अपने परिवार के सभी सदस्यों को भी जागरूक करने का आश्वासन दिया। सायबर ठगी होने की स्थिति में तत्काल हेल्पलाइन नंबर 1930 या भारत सरकार द्वारा जारी किए गए पोर्टल पर शिकायत दर्ज करने के साथ ही अपने नजदीकी थाना एवं सायबर सेल में सूचना देने समझाइश दी गई। नशामुक्ति, अभिव्यक्ति एप के संबंध में तथा सोनाचांदी विक्रेता से क्रय करने के पश्चात बिल लेने हेतु समझाइश दी गई।

## पेज 9 के शेष...

### जोत-जंवारे का...

भंडारे में मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओ ने प्रसाद का आनंद लिया। मंदिरों के अलावा जिन पंडालों में गुरूवार की शाम को हवन हो गया था, वहाँ पर भी कन्या भोज के बाद दिनभर भंडारा चलता रहा। दिनभर भक्तिमय माहौल बना रहा और श्रद्धालुओं का मंदिरों व पंडाल पर तांता लगा रहा। कन्याओं को भोज व दक्षिणा के बाद श्रद्धालुओं ने व्रत खोला। सभी देवी पंडालों में आयोजित भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण किया और अपरान्ह देवी प्रतिमा व घरों में स्थापित जवारों का विसर्जन शुरू हो गया था, यह क्रम तीन दिन तक चलेगा।

### सरकार बनने के...

ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि कन्हारपुरी में आयोजित स्व. रामप्रसाद पोटाई स्मृति दिवस पर आयोजित तीन दिवसीय देव दशहरा कार्यक्रम में शामिल होने आया हूँ और मैं विजयदशमी के उपलक्ष्य पर यही संदेश दे रहा हूँ कि हर साल हम दशहरा मनाते है, रावण जलाते है मारते है। इसका मतलब यह हुआ की आसूरी शक्ति, अन्याय के रास्ते में चलने वाले का अंततः अंत होना तय है। दुर्गा पूजा का भी संदेश यही है, विजय दसमी का भी संदेश यही है कि अच्छे मार्ग पर चले। छत्तीसगढ़ प्रदेश के विकास के लिए अपना एक योगदान दे। हमारी सरकार ने किसानो के हित में ऐतिहासिक फैसला किया और 3100 रूपएं में धान खरीदी का काम शुरू किया। पिछला बोनस बाकी था, उसको भी विष्णु सरकार ने दिया है। 70 लाख माताओं के खाते में महतारी वंदन योजन के तहत पैसा लगातार भेजा जा रहा है। 18 लाख ऐसे गरीब परिवार है, जिनका आवास छीन लिया गया था, हमारी सरकार आने के बाद व मोदी की गारंटी के तहत सभी को आवास दिलाने का काम शुरू किया गया। गांव, गरीब, बच्चे, किसान, महिला सबकी चिंता हमारी सरकार करती है। मोदी की गरंटी को पांच साल में पूरा करेंगे और सभी घोषणा को हम पूरा करेंगे।

**कांग्रेसी भूत है, तो अवश्य उतारेंगे-** पत्रकार के पूछे गए सवालो का जवाब देते हुए कृषि मंत्री ने कहा कि भूत का मतलब कांग्रेस का भूत है। कांग्रेसी मानसिकता का भूत उतारने का हमारे जन प्रतिनिधि बोलते है, तो उसमें कौन सी बुराई है। हम भी बोलते है कि कांग्रेसी मानसिकता को भूलकर भाजपा की सरकार है, उसके आधार पर काम करना पड़ेगा। किसी अधिकारी पर अगर कांग्रेस का भूत चढ़ा हुआ है, उसको हम बढ़िया से ठीक करेंगे। कांग्रेस के लोग अब भूत ही हो गए।

**भाजपा नेताओं ने किया स्वागत-** एक दिवसीय कार्यक्रम में पहुँचे कृषि मंत्री रामविचार नेताम का स्वागत विधायक आशाराम नेताम, पूर्व विधायक सुमित्रा मारकोले, शिशुपाल शोरी, प्रदेश महिला मोर्चा अध्यक्ष शालिनी राजपूत, जिलाध्यक्ष सतीश लाटिया, महेश जैन, भरत मटियारा, दिलीप जायसवाल, राजीव लोचन सिंह, टिकेश्वर जैन, हलधर साहू, जयंत अटभैया, राजा देवनानी, दीपक खटवानी, नीलू तिवारी, राकेश शर्मा, अरूण कौशिक, टिकेंद्र प्रताप दुग्गा, छत्र प्रताप दुग्गा, विजय लक्ष्मी कौशिक, मीरा सलाम व भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### मानसगान में महिला...

सदस्य बिरेश ठाकुर, बीएमओ डां शंशाक गुप्ता, जूनियर इंजिनियर विधुत विभाग मुकेश सिन्हा, मंडल अध्यक्ष भाजपा पंचूराम नायक, महामंत्री डाकेश साहू , सुमित्रा पोटाई , लैंपस मनेजर महेंद्र टांडिया रहे। आयोजित कार्यक्रम में महेंद्र जैन, भेदन लाल सेन, जनपद सदस्य श्रीराम नेताम, सावित्री सलाम, मालती धुमरा, काजल सोनी, सुभाषिनी मानिकपुरी, मनीष साहू, भुनेश्वर पोटाई, ललेसर पोटाई, रतन भुआर्य, शीतल साहू व अन्य उपस्थित रहे।

**महिला व पुरूष वर्ग में प्रथम दस स्थान पर रहने वाली मंडली-** मानस गान प्रतियोगिता में महिला वर्ग में प्रथम सच्चिदानंद दीप ज्योति बालिका मानस मंडली गारका लोहारा , द्वितीय आराधना बालिका मानस मंडली कुन्दरु पारा बालोद , तृतीय मां कत्यायेनी महिला मानस मंडली श्याम नगर राजीम , चतुर्थ स्वारांजली महिला मानस मंडली भैसाकट्टा कांकेर , पंचम दीप ज्योति बालिका मानस मंडली धनोरा गुरुर रहे। पुरुष वर्ग में प्रथम गुरु कृपा बाल संस्कार बेलमांड बालौद , द्वितीय हरिओम मानस मंडली गोगरी राजनांदगांव तृतीय श्रीराम चरित मानस मंडली सलना उड़ीसा , चतुर्थ जय कपिस मानस परिवार आमाकोनी महासमुंद , पंचम आदर्श श्रीराम भक्त मानस परिवार रक्से कवर्धा रहे। विजेता मानस मंडलीयों को नगद पुरस्कार राशि दिया गया।

### रंगी नमक फर्जी...

को जेल भेजा गया था। प्रकरण के अन्य आरोपी शिवकृष्ण गुर्जर और ओमप्रकाश भदाना फरार चल रहे थे, जिनकी गिरफ्तारी के लिए उपनिरीक्षक रामचन्द्र साहू के नेतृत्व में टीम राजस्थान भेजी गई थी। पुलिस टीम ने फरार आरोपियों के निवास ग्राम सुरगढ़ जिला गंगापुर सिटी में दबिश दिया। पुलिस को देखकर दोनो आरोपी भागने लगे जिनका 2 किमी. तक पीछा करते हुए उन्हें पुलिस टीम ने धर दबोचा। पुलिस को इन दोनो आरोपियों ने पहले भी छकाया था और पुलिस पर ही गाड़ी चढ़ाने का प्रयास किया था, यह दोनो आरोपी की कार्यशैली बहुत ही खतरनाक थी। पखांजुर पुलिस सतर्क नहीं होती तो उनको भी चकमा देकर दोनो आरोपी फिर से फरार हो जाते।

**नकली खाद की पैकेजिंग करके बेचते थे-** गिरफ्तार किए गए दोनो आरोपी शिवकृष्ण गुर्जर निवासी और ओमप्रकाश भदाना निवासी जयपुर राजस्थान, श्री जैन केम फूड फैक्ट्री में इंडियन पोटास लिमिटेड हाईटैक बायोटैकनोलाजी लिखा हुआ बारदाना पहुँचाते थे, जिसमें नकली पोटाश खाद की पैकेजिंग की जाती थी। दोनो आरोपी नकली खाद की मार्केटिंग करते थे और अपनी पार्टनरशिप फर्म ओपीएस किसान एग्रोकेयर प्रा.लि. के बिल के द्वारा विक्रय कर ट्रांसपोर्टर दौलत सिंह निवासी नावा सिटी राजस्थान की ट्रक में लोड करवाकर विभिन्न राज्यो के विक्रेताओं को भेजते थे। राजस्थान जाकर आरोपियों की गिरफ्तारी में उपनिरीक्षक रामचन्द्र साहू, आरक्षकगण जोसेफ बड़ा, राजेंद्र माहेश्वरी और डोमेस्वर यामले की महत्वपूर्ण भूमिका रही। राजस्थान पुलिस का भी सरायनीय सहयोग रहा।

### पार्षद की पहल...

तालाब के जीणोद्धार के लिए विगत साढ़े चार वर्षो से संघर्षरत थे, परंतु राशि स्वीकृत नहीं हो पा रही थी। भाजपा की सरकार आने के बाद पार्षद राशि स्वीकृत करा पाने में सफल रहे। उनका कहना है कि यह सभी के प्रयास से हो सका। एमजी वार्ड की जनता ने मुझे पार्षद बनाया और मैने उनकी भावनओं को ध्यान में रखते हुए तालाब के जीणोद्धार के लिए राशि स्वीकृत करा पाने में सफल रहा। तालाब के कार्य के लिए जल्द निविदा निकाली जाएगी और उसके उपरांत चुनाव के पहले कार्य शुरू कर दिया जाएगा। बैजनाथ तालाब में भी काफी ज्यादा गंदगी है। सौंदर्यीकरण होने से गंदगी साफ हो जाएगी, जिससे तालाब और भी काफी सुंदर दिखने लगेगा। वर्तमान में लोगो को निस्तारी के लिए काफी समस्या हो रही है। तालाब के जीणोद्धारा हो जाने के बाद सुबह शाम सैर करने वालो के लिए यहा पर प्रक्रिमा पथ और ओपन जिम बन जाने से वार्डवासियों को व्यायाम के लिए सुविधा होगी। तत्कालीन कलेक्टर ने बैजनाथ तालाब और उसके आसपास सीएसआर मद से अपने ढंग से लाखों की राशि खर्च करके बंदरबाट का का काम किया था, उस समय लगातार सही ढंग से काम करने की आवाज उठाया था, परंतु कलेक्टर की तानाशाही से बैजनाथ तालाब का जीणोद्वार सही ढंग से नहीं हो पाय था। भाजपा सरकार में तय है कि तालाब का जीणोद्धारा सही ढंग से हो सकेगा और आमजनता को भ्रमण के लिए बेहतर जगह मिल सकेगी।

### छात्र-छात्राओ ने किया बस्तर डेयरी फार्म का शैक्षणिक भ्रमण

**जगदलपुर।** वेटनरी पॉलिटेक्निक के संकाय सदस्यों एवं छात्र-छात्राओं द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग रायपुर से सटे ग्राम बोरपदर स्थित बस्तर डेरी फार्म का शैक्षणिक भ्रमण किया। जहां डेरी फार्म के गुणवत्ता नियत्रंण मैनेजर मुरलीधर डमाले ने बताया की दूध के आलावा विविध उत्पाद जैसे दही, पनीर, खोवा, घी, लस्सी, पेड़ा, बटर मिल्क आदि का उत्पादन किया जाता है। इसमें दूध संग्रहण से लेकर दूध मे मिलावट पहचानना,दूध प्रक्रिया,भण्डारण, शीतलीकरण, पैकेजिंग इत्यादि को प्रायोगिक तोर पर दिखाया।

NX MODULAR KITCHEN Galaxy NX
/KitchenGalaxyNXModular
स्पॉट बुकिंग पर 2 ग्राम सोने का सिक्का फ्री
इस त्योहार बनाएं मॉड्यूलर किचन, आकर्षक ऑफर्स के साथ
Gift hamper up to 15000/-*
₹ 55,000 ₹ 95,000 ₹ 1,50,000
C-4, Sector-1, Devendra Nagar, Near City Center Mall, Raipur 9977115597, 8319076661

Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुवैद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्सों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

# जगराता के बाद हवन भंडारा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नकुलनार

नवरात्रि में इस बार नकुलनार महाराणा चौक में विराजित दुर्गा माँ की भव्य प्रतिमा जिस सुविधा पंडाल में सामूहिक सहयोग से स्थापित की गई थी। वहाँ समिति के सदस्यों ने मिलकर बहुत ही अच्छी व्यवस्था नवरात्रि के पावन नौ दिनों में पदयात्रियों से लेकर दुर्गा पूजा व्यवस्था में देखने को मिली। दुर्गाष्टमी को समिति के सदस्यों ने विशेष तौर पर बड़ी महाआरती का भव्य आयोजन ग्रामवासियों के लिए रखा था। जिसमें ग्राम के सभी लोग अपने घरों से आरती की थाल सजाकर इस महाआरती में शामिल हुये। महाआरती में ग्राम के शिव मंदिर पुजारी विजय तिवारी, बड़े पंडित सुनील मिश्रा और आशीष शुक्ला महराज द्वारा यह सफल महाआरती का आयोजन विधिवत पूजा अर्चना के साथ कराया गया। एक साथ सभी ने महाआरती कर माँ भगवती का आशीर्वाद लिया।


### जगराता में झूमे भक्त

इस बार दुर्गा समिति द्वारा विशेष जगराता कार्यक्रम रखा गया था। जिसमें गायक नीलिमा कर्मकार ने भक्ति गीतों ने रातभर समा बांध दिया। इस कार्यक्रम में भक्ति रंग में सराबोर भक्तों ने पंखिड़ा-पंखिड़ा गीत पर अलग-अलग समूहों में कई टोलिया बनाकर भक्तिमय माहौल में गुजराती डांडिया नृत्य करते नजर आये। इस तरह का सार्वजनिक आयोजन पहली बार नकुलनार ग्राम में बीच चौराहे पर आयोजित होने के पीछे सभी ग्रामवासियों का भरपूर सहयोग रहा है। युवाओं ने आपस में चर्चा कर आने वाले वर्ष में और अधिक संगठित होकर इस आयोजन की भव्यता को बढ़ाने की चर्चा कर रहे हैं। इस कार्यक्रम में टैक्सी यूनियन ने महत्वपूर्ण सहयोग दिया।

### हवन में मंत्रोच्चार

नौंवी के दिन सुबह से ही तीन हवन कुंड बनाकर मंत्रोच्चार और हवन के धुंए से आसपास का पूरा वातावरण भक्तिमय दिखाई दे रहा था। हवन कुंड में ग्रामवासियों ने बैठकर यज्ञआहुति देते हुये माँ जगदम्बे का आशीर्वाद लिया। इसमें दाम्पत्य जुड़े भी बैठे थे फिर शुरू हुआ भंडारा। आपको बता दे कि भंडारे में 1 क्विंटल आटे की पूड़ी, सब्जी और खीर समिति के सदस्यों द्वारा देवी माँ के भक्तगणों को प्रसाद स्वरूप बाटने के लिये रखा गया था। चौराहे पर भंडारे का प्रसाद आने-जाने वाले राहगीरों से लेकर आस-पास के ग्रामीणों में बांटा गया। देर शाम तक यह आयोजन चला। समिती के सदस्यों ने बताया कि दुर्गा विसर्जन के लिये बंगाली ट्रेडिशन ढोल भी मंगवाया जा रहा है। एक ग्राम की महिलाओं द्वारा एक क्लश शोभायात्रा भी ग्राम भ्रमण करवाई जायेगी। सीमिति द्वारा आस पास के सभी सनातनियों से प्रेम पूर्वक आह्वान किया गया है कि इस शोभायात्रा और विसर्जन में जरूर सम्मलित होकर

## माता गंगादेई व देवी दुर्गा का दर्शन कर सांसद ने लिया आशीर्वाद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

नगर पंचायत बस्तर सहित गांव-गांव में देवी मंदिरों में आज दुर्गा अष्टमी और महानवमी का पर्व मनाया जा रहा है। मंदिरों सहित जगह-जगह भंडारा का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। शुक्रवार को नगर पंचायत बस्तर के विभिन्न देवी मंदिरों व दुर्गा पंडाल में बस्तर सांसद महेश कश्यप पहुंचकर हवन पूजन कर पूजा अर्चना किया। सर्वप्रथम भाजपा मंडल अध्यक्ष के निवास में देवी प्रतिमा का दर्शन करने के पश्चात परसा पर दुर्गा मंडली में दर्शन के बाद बड़ी संख्या में पहुंचे ग्रामीण एवं युवाओं से चर्चा किया। इसके पश्चात माता गंगादेई मंदिर में हवन पूजन कर माता का पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया। तत्पश्चात नवागुड़ा के देवी मंदिर में दर्शन करने के पश्चात हनुमान मंदिर दुर्गा उत्सव में पहुंचकर दर्शन उनके द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष उदबोराम नाग वरिष्ठ भाजपा

## कुंवारी कन्या पूजन...



जगदलपुर। नवरात्र के अंतिम दिन नवमीं पर देवी के रूप में कुंवारी कन्याओं को भोजन कराकर आर्शिवाद लेने की परंपरा है। आज शुक्रवार को अष्टमी और नवमीं दोनों होने से अष्टमी पर मंदिरों में हवन और नवमीं पर कन्या पूजन किया गया। छोटी-छोटी बालिकाओं को देवी के रूप में मानते हुए उनके पैर धुलवाए गए और खीर-पूड़ी, हलवा सहित अन्य पकवान और फल खिलाकर चरण छूकर आर्शिवाद ली गई।

छाया: संतोष पाण्डे

## कन्या भोज तथा भंडारा का आयोजन



**तोकापाल।** परपा ग्राम पंचायत में पिछले 21 वर्षों से नवरात्रि महोत्सव के दौरान देवी दुर्गा की प्रतिमा स्थापित किया जा रहा है। परपा शिव मंदिर में सार्वजनिक रूप से नवरात्रि महोत्सव को हर्षोल्लास पूर्वक नौ दिनों तक विधि पूर्वक पूजा अर्चना किया जाता है। वहीं नौ दिनों तक देवी की नौ रूपों की पूजा किया जाता है। इस पूजा में ग्राम की महिलाएं बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेती है। शुक्रवार को नवरात्रि के नौवें दिन कन्या भोज के साथ ही भव्य रूप में भंडारा कराया गया। ग्राम की महिलाएं सुबह से ही मंदिर प्रांगण में पहुंच कर अपने हाथों से खीर,पुड़ी तथा सब्जी पका कर नौ कन्या देवी के नौ रूपों को श्रद्धा पूर्वक भोजन कराया, इसके बाद ही खीर, पुड़ी तथा सब्जी का प्रसाद भक्तों को भंडारे के रूप में वितरण किया गया।

## नेगानार में विजयादशमी में होगा 21 फिट का रावण दहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा



हर साल की भांति इस वर्ष भी नवरात्रि के दशहरा विजयादशमी के दिन रावण दहन के लिए गांव नेगानार में 21 फीट का रावण तैयार किया गया हैं। एक सप्ताह से गांव के राम जायसवाल की मदद से रावण को खड़ा किया था। रावण दहन कार्यक्रम में आसपास के 15गाँवो के लोंगो का भीड़ एकत्रित होगा। जहां मेला के रूप में ओडिशा से लाये रामलीला नाटक दिखाकर शनिवार को 21 फीट ऊंचे रावण का दहन किया जायेगा।

20 सालो से यह परम्परा चला आ रहा हैं। तभी से यहां रामलीला नाटक दिखाकर यह कार्यक्रम किया जा रहा है। यहां की अहम बात यह है कि हर साल यहां एकमात्र क्षेत्र का सबसे ऊंचा रावण का पुतला जलाया जाता है। इस नवरात्रि में गांव के समस्त लोंगो का जमावाड़ा होकर हर दिन पूजा अर्चना कर दिन की शुरवात की जाती रही हैं। दो साल पहले 15 फीट ऊंचे रावण का गांव में दहन किया गया था। इस बार रावण की ऊंचाई कुछ ज्यादा की गई है। 21 फीट का रावण गांव के एक आदमी ने ही तैयार किया हैं। सौभाग्य से उसका नाम राम जायसवाल हैं जो नेगानार गांव का ही हैं।

गांव में बड़े हर्षोल्लास के साथ शिव मंदिर में नव दुर्गा का कार्यक्रम नौ दिन चला, इसके साथ विज्यादसमी में रावण दहन के साथ क्षेत्र की सुख, शांति खुशहाली बनी रहें इसकी कामना दुर्गा समिति के सदस्य जयराम कश्यप, दलपत राय, लक्ष्मण कश्यप, सम्पत बघेल, दायलु राय, जयकुमार नेवरा, मुन्नू सिंह, पेनु जायसवाल एवं पुरे गांव वाले ने की हैं।

## सभी ग्राहक सेवा केंद्रों में ग्रामीणों को पैसा लेने पर पावती अवश्य दिया जाए: लच्छूराम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहण्डीगुड़ा

भारतीय जनता पार्टी के चित्रकोट पूर्व विधायक लच्छूराम कश्यप ने ग्राहक सेवा केंद्र से ग्रामवासियों के शिकायते आने के बाद तत्काल लोहण्डीगुड़ा बैंक मैनेजर से मिल विकासखंड के सभी ग्राहक सेवा केंद्रों में ग्रामीणों को पैसा लेने पर पावती देने को कहा गया है। क्योंकि ग्रामवासियों को रूपयों निकालने का जानकारी हो।

पूर्व विधायक लच्छूराम कश्यप ने कहा हमारी भाजपा की सरकार ने सभी ग्रामीणों के लिए कही योजनाओं बनाई है, छत्तीसगढ़ में सभी महिलाओं को महतारी योजना 1000 रूपये मिलता है, किसानों को किसान निधि भी आज कल ग्रामवासियों ने क्षेत्र के ग्राहक सेवा केन्द्रो से निकलते हैं। जिनको बैंक के माध्यम से सीधा लाभ सभी ग्रामीणों को बराबर मिले और रूपये निकालने पर पावती रसीद दिया जाये।

अगर किसी ग्रामीण को पैसा ठगी करने शिकायते मिलने उस ग्राहक सेवा केन्द्रों तत्काल बंद किया जाएगा। इस दौरान लोहण्डीगुड़ा मंडल अध्यक्ष नरसिंह ठाकुर, कृष्ण ठाकुर, भरत कश्यप, बलीराम बघेल आदि उपस्थित थे।

## श्रद्धालुओं ने दुर्गा चौक में किया प्रसाद ग्रहण



**नगरनार।** प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी नगरनार दुर्गा चौंक में नवरात्रि के पावन अवसर पर मां दुर्गा की मूर्ति स्थापना किया गया है। पूजा के प्रथम दिन से नवमी तक विधि विधान से माँ दुर्गा की पूजा अर्चना कर शुक्रवार को महा भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने दुर्गा चौंक में आ कर प्रसाद ग्रहण किया। आज इस अवसर पर क्षेत्रीय बजरंग दल के अध्यक्ष श्रीहरि साहू, कस्तूरी के भूतपूर्व सरपंच बनमाली नाग वर्तमान, ग्राम पंचायत नगरनार के उप सरपंच रवि शंकर दास दुर्गा चौंक के कमिटी को सहयोगी राशि 10000 प्रदान किये। शनिवार को मूर्ति विसर्जन किया जाना है, जिसमें तरह-तरह की झाँकी, डीजे, बैंड शामिल रहेगा।



## ख़बर संक्षेप

### छग भारतीय सिंधु सभा के सुनील बने अध्यक्ष



**चारामा।** भारतीय सिंधु सभा छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष लद्धाराम नैनवानी के नेतृत्व में सभा की बैठक चारामा में आयोजित किया गया। बैठक में पूज्य पंचायत अध्यक्ष, कार्यकारिणी सदस्य और समाज के गणमान्य नागरिकों सहित अनेक समाजसेवी संगठनों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। बैठक में सर्वसम्मति से आगामी कार्यकाल के लिए सुनील मनवानी को सभा का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष ने नई कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए सुनील मनवानी को समाज और संगठन की सेवा के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि नए अध्यक्ष अनुभव और समाज के प्रति समर्पण सभा को नई ऊँचाइयों पर ले जाने में सहायक होगा।

### दो दिनी ओपन प्रो कबड्डी स्पर्धा 14 से

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत हानपतरी के बड़ेपारा में ओपन प्रो कबड्डी प्रतियोगिता ग्राम वासियों के तत्वाधान में दो दिवसीय डे नाईट ओपन कबड्डी प्रतियोगिता 14 एवं 15 अक्टूबर को किया जाएगा। आयोजन समिति के संरक्षक बंशीलाल नरेटी, धर्म सिंह नरेटी, प्रभु राम गावडे, अध्यक्ष हीराराम मंडावी, नवली बाई नरेटी, सचिव हरि लाल नरेटी, गायत्री बाई गावड़े, कोषाध्यक्ष बाबूलाल गावड़े, सुलोचना गावड़े ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ओपन प्रो कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है, जिसका प्रथम पुरस्कार 15001, द्वितीय पुरस्कार 8001, तृतीय पुरस्कार 4001 और चतुर्थ पुरस्कार 2024 रुपए एवं अन्य पुरस्कार दिए जाएंगे।

### देवउठनी एकादशी पर अवकाश किया घोषित

**कांकेर।** कलेक्टर नीलेश क्षीरसागर ने आगामी 01 नवम्बर को गोवर्धन पूजा के लिए पूर्व में घोषित स्थानीय अवकाश के स्थान पर 12 नवम्बर 2024 को देवउठनी एकादशी (तुलसी पूजा) पर्व के लिए स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। उपरोक्त स्थानीय अवकाश बैंक, कोषालय एवं उप कोषालय के लिए लागू नहीं होगा।

### आईआईटी में प्रवेश की काउंसिलिंग 14 को

**कांकेर।** जिले के बेरोजगार युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था कांकेर एवं औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था भानुप्रतापपुर में 25-25 सीटों में डोमेस्टिक डाटा एंट्री आपरेटर कोर्स में निःशुल्क प्रशिक्षण प्रारंभ किया जा रहा है। महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था कांकेर के प्राचार्य ने बताया कि प्रशिक्षण के लिये 14 अक्टूबर को उक्त संबंधित आईटीआई में प्रातः 11 बजे काउंसलिंग का आयोजन किया जाएगा।

**पर्व : अनेक स्थानों पर भंडारे का किया गया आयोजन, हजारों लोगों ने पाया प्रसाद और स्वयं को किया निहाल**

# दुर्गाष्टमी पर हवन-पूजन के साथ जगह-जगह कन्या भोज में श्रद्धालुओं की छलकी श्रद्धा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

नगर समेत क्षेत्र में शारदीय नवरात्रि पर्व धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। शुक्रवार अष्टमी को सभी मंदिरों में सुबह से ही दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रही। वहीं दुर्गा पंडालों में भी माता के दर्शन को श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। कई स्थानों पर हवन के बाद कन्या पूजन कर उपहार दिया गया। शारदीय नवरात्र के अष्टमी को देवी मंदिरों में भक्तों की भीड़ रही। मंदिरों में पूजा -पाठ व हवन के साथ ही कन्या भोज कराया गया। इस दौरान देवी मंदिरों में आठ दिनों तक भक्तिमय माहौल रहा। अष्टमी को कन्याओं को भोजन कराया गया।

■ सुबह से देर रात तक मंदिरों में भक्तों का तांता लगा रहा







*वार्ड के युवा पार्षद जिला युवा कांग्रेस के सचिव पंकज राज वाधवानी ने बताया कि प्रति वर्ष अनुसार वार्ड के युवाओं वह वार्ड वासियों के द्वारा 9 दिन तक जोर-शोर से माता की स्थापना से लेकर विसर्जन तक सेवा भावना से पूजा पाठ किया जाता है नवरात्रि के इन दिनों वार्ड के समस्त माताओं बहनों युवा और बच्चों का उत्साह देखते ही बन रहा है आज महा अष्टमी के अवसर पर वार्ड वासियों द्वारा हवन पूजन जस गीत का आयोजन किया गया है जिसमें शहर वार्ड की सुख-समृद्धि की प्रार्थना की गई तथा साथ ही साथ आज महानवमी को वार्ड में भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें समस्त नगरवासियों को आमंत्रित किया गया है। शुक्रवार के हवन पूजन जस गीत के आयोजन में प्रमुख रूप से अजय शर्मा हेमंत गावडे सनी दास भोज निषाद ,विवेक चौथाड़ी, सुरेश पंजवानी, हरशु कोटवानी अभिषेक सिंह ,हरीश शर्मा, अभिषेक तिवारी ,छोटू दास गोविंद साहू सहित वार्ड के वरिष्ठ जन वार्ड की माताऐ बहने और बच्चे उपस्थित थे।*

### कन्हारगांव के दुर्गा पंडाल में जसगीत

छत्तीसगढ़ अपनी लोककला के लिए पहचाना जाता है, जहां के विविध कलाओं में जस गान का भी अहम स्थान है. छत्तीसगढ़ में पारंपरिक रूप में गाये जाने वाले लोकगीतों में जसगीत का अहम स्थान है. मां दुर्गा की भक्ति में गाए जाने वाला जस गान खासतौर पर नवरात्र के दौरान गाया जाता है। शारदीय नवरात्र में गांव के मंदिरों एवं दुर्गा पण्डालों में माता दुर्गा की पूजा अर्चना के साथ धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।कन्हारगांव के नव दुर्गा उत्सव समिति द्वारा नवरात्री के अवसर पर जसगीत कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे अतिथि के रूप मे वरुण खपर्डे,सरपंच लक्ष्मी मंडावी, जनपद सदस्य प्रतिमा यदु, उपसरपंच लकी यदु, सनत यदु, शेखर यदु,होरीलाल यदु मौजूद रहे। इस मौके पर वरूण खपर्डे ने कहा माता रानी नौ दिनों तक हमारे बीच में विराजित होकर अपनी उपस्थिति देकर हमें संकटों से मुक्ति दिलाती है। जब-जब इस धरती पर बुराई, दुष्कर्म, पपा बढ़ते हैं, तब-तब माता रानी अनेक रूपों में आकर इन सब दुखों को हरती है।

### शहर की सुख समृद्धि के लिए नयापारा में महाअष्टमी हवन

भानुप्रतापपुर के वार्ड क्रमांक 13 नयापारा में बहुत ही धूमधाम से मां दुर्गा की स्थापना की गई है आज महा अष्टमी के अवसर पर नयापारा दुर्गा उत्सव समिति के युवाओं वार्ड वासियों के द्वारा भानुप्रतापपुर की सुख शांति और समृद्धि के लिए आज नयापारा में वार्ड की माताओं युवाओं ने उपवास रखकर हवन पूजन में भाग ले कर विधि विधान से हवन पूजन किया वार्ड वासियों ने हवन कुंड में आहुति डाल कर धन धान्य सुख शांति की कामना की हवन पूजन के बाद जस गीत का आयोजन किया गया। शहर बड़ी संख्या आम जन उपस्थित हुए।

## धौराभाठा में टिन शेड के लिए भूमि पूजन



**सरोना।** विकासखण्ड नरहरपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत धौराभांठा में 1 लाख 50 हजार रूपएं की लागत का टीना सेंड निर्माण कार्य का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद सदस्य और ग्राम पंचायत सरपंच की अध्यक्षता में हुआ। मुख्य अतिथि जनपद सदस्य संतराम मरकाम ने कहा कि यह क्षेत्रवासियों की बहुप्रतीक्षित मांग पूरा हो रहा है। ग्राम सरपंच महेश नेताम ने संत राम मरकाम की सराहना करते हुए कहा कि वह क्षेत्र में विकास के नए आयाम स्थापित कर रहे हैं। उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान गांव के कई प्रमुख ग्रामीण भी शामिल हुए, जिन्होंने इस परियोजना को सफल बनाने में योगदान दिया। यह टीना सेंड निर्माण क्षेत्र की विकास यात्रा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में ग्राम पटेल राजकुमार नेताम, विश्वनाथ शोरी, रामलाल कावड़े, जीडी मानिकपुरी, रामप्रसाद नेताम, कमलदेव मरकाम, राजोबाई नेताम, इतवारू राम मरकाम, ज्ञानानंद, भगवान सिंग मरकाम, भागवत मरकाम, दसेन नेताम, सचिन, नंदू, अखलेश, ज्योतिष, इंद्रा, आशो, बिहारी, राहुल, रामचंद सहित भारी संख्या में गांव के ग्रामीण उपस्थित रहे।

## चिराग परियोजना का पोषण सखियों को प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा



कृषि विभाग एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 15 जिलों के 27 विकासखण्डों में निवासरत ग्रामीण आदिवासी परिवारों के आय में वृद्धि एवं वर्षभर पोषित आहार की उपलब्धता के लिए वर्ल्ड बैंक एवं आईएफएडी के सहयोग से चिराग परियोजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है।

परियोजना के अंतर्गत चिन्हांकित ग्रामों में पोषण आधारित गतिविधियों के क्रियान्वयन के लिए पोषण सखी के रूप में कार्य करने के लिए संबंधित ग्रामों से महिलाओं का चयन किया गया है, जिसके तहत गुरुवार 10 अक्टूबर को चयनित महिलाओं को पोषण सखी के रूप में कार्य करने के लिए तकनीकि सहयोगी संस्था पीसीआई के सहयोग से एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी कार्यालय चारामा के सभागार कक्ष में किया गया। प्रशिक्षण के दौरान चयनित महिलाओं को चिराग परियोजना का परिचय, कुपोषण, संतुलित आहार, कृषि एवं पोषण के संबंध में दैनिक भोजन में आहार विविधता के लिए सामाजिक व्यवहार परिवर्तन के लिए संचार किए जाने के लिए पीसीआई सुनील कुमार एवं नीतू ध्रुव सुपरवाईजर महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर अनुविभागीय कृषि अधिकारी कांकेर प्रमोद कुमार सार्वा, कृषि विकास अधिकारी विष्णु गुप्ता, चिराग राज्य कार्यालय से दीपक कुमार, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी राजकुमार सिन्हा एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी प्रमिला मंडावी, कृषि विकास अधिकारी राजाराम नेताम, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी तामेश साहू, महेश सोनकर, संजय कुर्रे, धनीराम निषाद, खोमेश्वरी चंदेल, खिलावन प्रसाद वर्मा, सहायक तकनिकी प्रबंधक आत्मा गोपाल कृष्ण साहू एवं किसान मित्र व 40 ग्राम के पोषण सखी एवं कृषि विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## छठी न्योता पर हुआ विवाद पोते ने दादा-दादी को पीटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



नरहरपुर थानांतर्गत कुसुमपानी में नाती ने दादा व दादी के साथ पहले निमंत्रण नहीं देने की बात को लेकर मारपीट कर दिया। मारपीट से घायल हुए दादा ने घटना की जानकारी नरहरपुर पुलिस को दिया, वहीं नरहरपुर पुलिस ने आरोपी नाती के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज किया है।

नरहरपुर थाना में शिकायत करने पहुंचे कुसुमपानी निवासी 55 वर्षीय सगनू राम यादव पिता स्व. धरमू राम यादव ने पुलिस को बताया कि खेती मजदूरी का काम करता हूं। मेरी पत्नी मानकी बाई 10 अक्टूबर की रात 8 बजें घर में थी और बहू दुर्गेश्वरी को छट्टी निमंत्रण की बात को बता रही थी। उसी समय परिवार के नाती सुनील व अनिल यादव आए और छट्टी निमंत्रण पिछले बार नहीं दिए हो, इस बार छट्टी निमंत्रण दे रहे हो कहते हुए मेरी पत्नी मानकी बाई को हाथ मुक्का से मारपीट करते हुए गाली देने लगा और जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट किया। मैने मारपीट करने और गाली देने के लिए मना किया। मेरे दोनो नाती ने मेरे साथ भी मारपीट किया। मारपीट करने से मेरी पत्नी के पीठ में चोट आई है। दादा ने बताया कि नाती की इस हरकत से मैं पूरी तरह से दहशत में आ गया हूँ। नातियों से इस तरह के व्यवहार की आपेक्षा नहीं किया था। नातियों की इस हरकत से दहशत में आकर घटना की जानकारी पुलिस को दिया हूँ।

पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी नातियों के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 3 (5), 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

## आमाबेड़ा पुलिस ने सायबर अपराध पर दी जानकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

सायबर जागरूकता अभियान को लेकर क्षेत्रवासियों में काफी उत्साह दिख रहा है। क्षेत्र के व्यापारीगण, जन प्रतिनिधिगण, सरपंच, कोटवार, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं महिला स्व सहायता समूह के लोगों सायबर अपराधो से बचने की जानकारी दिया जा रहा है।

सायबर जन जागरूकता पखवाड़ा अभियान 19 अक्टूबर तक चलाया जाएगा, इसी तारतम्य में एसपी आईके एलिसेला, एएसपी मनीषा ठाकुर रावटे एवं एएसपी जयप्रकाश बढ़ाई के निर्देशन में तथा एसडीओपी अंतागढ़ अमर सिदार के मार्गदर्शन में थाना आमाबेड़ा में सायबर जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा हैं। आमाबेड़ा क्षेत्र के व्यापारीगण, पत्रकारगण, कोटवार, ग्राम पंचायत सरपंच, ग्राम पटेल, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं मितानीन को 6 से 11 अक्टूबर प्रशिक्षित किया गया। क्षेत्र के महिला स्वसहायता समूहों के बिहान सखियों को थाना में आहुत कर ऑनलाईन फ्रॉड, सायबर क्राईम, धोखाधड़ी, एटीएम फ्रॉड, सोशल मीडिया की हैकिंग संबंधी अपराध के संबंध में विस्तृत जानकारी देकर मोबाईल एवं पॉम्पलेट के माध्यम से उनको प्रशिक्षण दिया गया। सायबर अपराध के संबंध में गांवों में जाकर विस्तृत जानकारी देने के लिए समझाईश भी दी गई। सायबर अपराध घटित होने पर सायबर पोर्टल तथा सायबर हेल्प लाईन नंबर 1930 पर कॉल कर शिकायत दर्ज कराने के लिए प्रेरित किया गया।

## वेटनरी पॉलिटेक्निक में विश्व अंडा दिवस पर बहुविकल्पीय प्रश्नोत्तरी स्पर्धा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

वेटनरी पॉलिटेक्निक कॉलेज में शुक्रवार को विश्व अंडा दिवस के अवसर पर बहुविकल्पीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सम्भाग मुख्यालय स्थित वेटनरी पॉलिटेक्निक के संकाय सदस्यों एवं छात्र-छात्राओं द्वारा विश्व अंडा दिवस मनाया गया। इस दिन के अवसर पर प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के छात्र-छात्राओं के लिए बहुविकल्पीय प्रश्नोत्तरी स्पर्धा का किया गया था। खासकर विश्व अंडा दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य लोगों को अंडे के पोषण और इसके स्वास्थ्य लाभों के बारे में जागरूक करना है। प्रतियोगता कार्यक्रम में सम्मलित प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय विजेता छात्र -छात्राओ को प्रमाणपत्र दिया जायेगा। इसकी जानकारीसंस्था के प्रभारी प्राचार्य डॉ नितेश कुम्भकार,डॉ राजेश सुधाकर वाकचौर, एवं अंशकालीन शिक्षक डॉ. प्रतिभा ताटी ने इस बहुविकल्पीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन किया।

## छह प्रकरणों पर 24 लाख की आर्थिक मदद मंजूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर




राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 के तहत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए कलेक्टर नीलेश क्षीरसागर द्वारा ने सर्प काटने, नदी, तालाब तथा बांध में डूबने से मौत होने के 06 प्रकरणों के लिए 24 लाख रुपए की सहायता राशि स्वीकृत किए हैं।

कलेक्टर के द्वारा जारी आदेश के तहत पखांजूर तहसील के पी व्ही 130 छोटे कापसी निवासी रणवीर सीमांत दास और बिहान सीमांत दास की सर्प काटने से मौत होने पर सीमांत दास तथा कनिका दास को 04-04 लाख रुपए, ग्राम अंजाडी निवासी 55 वर्षीय सुकलू ध्रुवा की नदी में डूबने से मृत्यु होने पर बुधनी बाई ध्रुवा को 04 लाख रूपए की सहायता राशि स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार दुर्गुकोंदल तहसील के ग्राम पुजारीपारा निवासी 80 वर्षीय खोरिन बाई यादव की सर्प काटने से मौत होने पर मोहन लाल के लिए 04 लाख रूपए तथा ग्राम हाटकोंदल निवासी 58 वर्षीय रजनाथ नरेटी की बांध के पानी में डूबने से मौत होने पर नरसो बाई के लिए 04 लाख रूपए और सरोना तहसील के ग्राम भिरौद निवासी 62 वर्षीय गणेश राम की तालाब ने डूबने से मौत होने पर सदाबाई के लिए 04 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गई है।







**मूल कार्य के साथ डाटा आपरेटर का भी काम लेने का विरोध**

## स्वास्थ्य संयोजक संघ ने आंदोलन की चेतावनीदी और सौंपा ज्ञापन



**चारामा।** स्वास्थ्य संयोजक संघ ने सामुदायिक स्वस्थ्य केन्द्र बीएमओ कार्यालय में ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक सवर के कर्मचारियों द्वारा लिए जाने वाले मूल कार्य के अलावा अतिरिक्त समस्त ऑनलाइन डाटा एंट्री कार्य न करने की मांगों को लेकर प्रदेश के अपर मुख्य सचिव छत्तीसगढ़ शासन, संचालक संचनालय, स्वास्थ्य सेवाएं, छत्तीसगढ़ शासन मिशन संचालक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन छत्तीसगढ़ रायपुर के नाम खंड चिकित्सा अधिकारी ज्ञापन सौंपा।

स्वास्थ्य संयोजक संघ छग के बैनर तले प्रदेश के 5200 उप स्वास्थ्य केंद्रों में पदस्थ ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजकों से ऑनलाइन डाटा एंट्री कार्य का विरोध अब पूरे प्रदेश के साथ-साथ दुर्गुकोदल ब्लॉक में भी आवाज उठा रहे हैं। अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपते हुए ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक ने ऑनलाइन डाटा एंट्री कार्य का विरोध किया है। संघ के ब्लॉक अध्यक्ष जितेन्द्र कुमार गोयल ने कहा स्वास्थ्य संयोजक संवर्ग कर्मचारियों के भर्ती नियम व नियुक्ति अनुसार किसी भी प्रकार का ऑनलाइन डाटा एंट्री करने संबंधी तकनीकी कम्प्यूटर ज्ञान नहीं मांगा गया है और न ही इस तरह कार्य पूर्व में लिया जाता था। पूर्व में ऑनलाइन डाटा एंट्री का कार्य के लिए कम्प्यूटर ऑपरेटर की भर्ती की गई थी और इनके द्वारा सभी ऑनलाइन डाटा एंट्री का कार्य कराया जाता था। इस विषय पर जिले के सीएमएचओ के माध्यम से संचालक व मुख्य सचिव, मिशन संचालक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के नाम ज्ञापन सौंपा गया। इसके साथ ही समस्याओं का समाधान नहीं होने की स्थिति में सभी ऑनलाइन कार्य 22 अक्टूबर से काम बंद कर अपने मूल कार्य स्वास्थ्य सेवाएं संपादित करेंगे। उन्होंने समस्या का निराकरण करने की मांग की है। प्रत्येक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के डाटा ऑपरेटरों को उनके पदस्थ स्थान में से डाटा का कार्य कराया जाए तथा जिन केंद्रों में कर्मचारी पदस्थ नहीं है, वहां पर स्वीकृति पद पर जल्द कर्मचारियों कि नियुक्त किया जाए और स्वास्थ्य मैदानी कर्मचारियों कि तमाम समस्याओं कि समाधान किया जाए। स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ ने साथ ही 15 दिन में मांग पूरी करने का अल्टीमेटम दिया है। उन्होंने मूल कार्य के अतिरिक्त ऑनलाइन डाट एंट्री के कार्य का विरोध किया है। ज्ञापन सौंपने वाले में ब्लॉक महामंत्री दिनेश ठाकुर, सचिव ललित कुमार मांझी, ब्लॉक सह सचिव संजय नेताम, ब्लॉक महिला अध्यक्ष संतोषी बघेल, कविता पिददा, कल्पना जुरी, किरण चतुर्वेदी, रचना गोटा, नीतू साहू, रेखा कचलाम एवं अन्य संघ के पदाधिकारी सदस्य उपस्थित रहे।

